झारखण्ड सरकार

Budget 2019-20

Planning-cum-Finance Department
Government of Jharkhand

Jharkhand Budget 2019
(A TO Z Analysis)

By AMAN KUMAR

बजट में जमशेदपुर से ज़री घोसनाए

जमशेदपुर में 1.50 किमी लंबे फोरलेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण

जमशेदपुर, बोकारो व दुमका से उड़ान सेवा शुरू होगी

जमशेदपुर में खुलेगा इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर

जमशेदपुर और पलामू में इस वित्तीय वर्ष में बनेगा प्रेस क्लब का भवन

जमशेदपुर समेत पांच जिलों में बनेगा 50 हजार लीटर क्षमता का डेयरी प्लांट

पूर्वी सिंहभूम के लिए ये घोषणाएं

- चाईबासा समेत चार जिलों में खुलेगा पॉलिटेक्निक कॉलेज
- चाईबासा में खुलेगा एएनएम और जीएनएम स्कूल
- उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा, लेकिन समय निर्धारित नहीं
- जमशेदपुर में 1.50 किमी लंबे फोरलेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण

- जुगसलाई विधानसभा में खोला जाएगा डिग्री कॉलेज
- जमशेदपुर में खुलेगा इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर
- जमशेदपुर और पलामू में इस वित्तीय वर्ष में बनेगा प्रेस क्लब का भवन
- पूर्वी सिंहभूम समेत पांच जिलों में चलेगा साक्षर झारखंड अभियान, निरक्षरों को बनाया जाएगा साक्षर
- जमशेदपुर, बोकारो व दुमका से उड़ान सेवा शुरू होगी, समय निर्धारित नहीं

पसच. सिंहभूम के लिए ये घोषणाएं

- जुगसलाई विधानसभा व राज्य के सात विधानसभा क्षेत्र में खुलेगा एक डिग्री कॉलेज
- मानगो शहरी जलापूर्ति योजना का पहला फेज खत्म होने की घोषणा
- चाकुलिया, चाईबासा, सरायकेला समेत 21 नगर निकाय में ठोस अपशिष्ट योजना हेतु एजेंसी का चयन

सरायकेला-खरसावां के लिए योजना

- सरायकेला समेत चार जिलों में खुलेगा कंप्यूटर आधारित डिजाइन प्रशिक्षण केन्द्र
- सरायकेला व दुमका में बनेगा खादी पार्क
- सरायकेला समेत चार जिलों में बनेगा नर्सिंग कौशल कॉलेज
- आदित्यपुर समेत एक लाख की आबादी वाले सात शहरी क्षेत्र में अमृत योजना

ये योजनाएं चल रही या पहले हो चुकी हैं घोषित

1. जमशेदपुर समेत पांच जिलों में बनेगा 50 हजार लीटर क्षमता का डेयरी प्लांट

2. दलमा-चांडिल इको टूरिज्म सर्किट बनाने का प्रस्ताव, पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ाने व सौंदर्यीकरण की योजना।

3. 50 हजार लीटर क्षमता वाले डेयरी प्लांट, 2017 के बाद 2018 के बजट में की गई घोषणा, अब 2019 में भी घोषित।

4. पलामू और जमशेदपुर में प्रेस क्लब बनाने की घोषणा।

5. जमशेदपुर में इंटर स्टेट बस टर्मिनल बनाने व ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के लिए जमीन तलाशी जा रही है, अब राशि जारी होगी।

मुख्यमंत्री रघुवर दास लगातार पांचवीं बार बजट पेश करने वाले राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं|

झारखंड के मुख्यमंत्री रघुबर दास ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में वर्ष 2019-20 के लिए अनुमानित 85,429 करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि कुल बजट में से 65,803 करोड़ रुपये राजस्व व्यय के मद में है, जबकि 19,626 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय पर है।

बजट में 23,377 करोड़ रुपये सामान्य क्षेत्र के लिए, 28,882 करोड़ रुपये सामाजिक क्षेत्र के लिए और 33,170 करोड़ रुपये वित्तीय क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

बजट के दौरान मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा की अटल बिहारी बाजपेयी के सपनों का झारखंड बनाना है. किसानों की आय दुगुनी करने का लक्ष्य है. किसानों की आर्थिक सहायता हेतु मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना की शुरुआत की गई है.

मुख्यमंत्री रघुवर दास लगातार पांचवीं बार बजट पेश करने वाले राज्य के पहले मुख्यमंत्री हैं. पहली बार बाल बजट भी पेश किया गया है. इस बजट में किसानों, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तीकरण और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है.

18 वर्षों में 17.79 प्रतिशत बढ़ा झारखंड का बजट...

2001-02 में सरकार ने 4800.12 करोड़ का बजट किया था प्रस्तुत और 2019-20 में 85429 क़रोरे

वित्तीय वर्ष	कुल एक्सपेंडिचर(करोड़ में)	योजना खर्च (करोड़ में)	गैर योजना खर्च (करोड़ में)
2001-02	4800.12	1261.87	3538.25
2002-03	5509.48	1026.20	4483.27
2003-04	5405.93	1090.99	4314.95
2004-05	6975.91	1980.18	4995.73
2005-06	8490.82	2138.43	6352.39
2006-07	9063.94	2431.89	6632.25
2007-08	10831.97	2979.88	7852.09
2008-09	12876.90	3813.20	9063.70
2009-10	15128.24	3758.48	11369.76
2010-11	17944.73	6003.81	11940.92
2011-12	20991.59	7646.29	13445.30
2012-13	28125.42	11489.80	16635.62
2013-14	30453.07	11926.40	18508.67

2014-15	59762.39
2015-16	—
2016-17	63502.69
2017-18	75653
2018-19	80200
2019-20	85429

योजनाओं की होगी घोषणा

- मुख्यमंत्री आशीर्वाद योजना
- मुख्यमंत्री सुकन्या योजना
- बेबी केयर किट वितरण योजना
- किसानों को स्मार्ट फोन
- आरोग्य कुंजी

बजट 2019-20 की प्रमुख घोषणाएं:

- मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बजट में 1200 किसानों को मधुमक्खी पालन से जोड़ने के लिए मीठी क्रांति शुरू करने की घोषणा की है.

- इस बजट में नवजातों की खास देखरेख के लिए अलग से प्रावधान किया गया है. झारखंड के प्रत्येक जिले में एक एक गुरुकुल की स्थापना होगी जहां कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

- इस साल के बजट में ई नाम में निबंधित सभी किसानों को स्मार्ट फोन देने की घोषणा की गई है.

- गोड्डा में सैनिक स्कूल की होगी स्थापना की जाएगी.